Need to release funds for construction of ROB at Level Crossing No. 265 in Jhunjhunu city, Rajasthan-Laid

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** मैं सरकार का ध्यान एक महत्त्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत झुंझुनूं शहर से स्टेट हाइवे-8 गुजर रहा है । इस स्टेट हाइवे पर रेलवे क्रॉसिंग नंबर 265 स्थित है । इस रेलवे क्रॉसिंग 265 पर रेलवे और राजस्थान सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आरओबी (rob) का निर्माण कार्य शुरु किया गया था लेकिन रेलवे द्वारा अपने हिस्से का बजट नहीं देने के कारण यह कार्य अभी रुका हुआ है जिससे आमजन को आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । इसलिए क्षेत्रवासियों की परेशानियों को देखते हुए माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि वो रेलवे क्रॉसिंग नंबर 265 पर निर्माणाधीन कार्य के लिए रेलवे के हिस्से का बजट अतिशीघ्र जारी करने की कृपा करें जिससे यह कार्य पुनः शुरु हो सके और क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानी से उनको निजात मिल सके ।